उद्यमियों के सभी प्रश्नों के समाधान के लिए बनेगा वन-स्टाप पोर्टल

राब्यू, लखनऊ : प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन संस्था-इन्वेस्ट यूपी के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) व सचिव औद्योगिक विकास अभिषेक प्रकाश ने कहा है कि उद्यमियों के सभी प्रश्नों के समाधान के लिए एक वन-स्टाप पोर्टल विकसित किया जाएगा।

शुक्रवार को इन्वेस्ट यूपी के कामकाज की समीक्षा करते हुए उन्होंने निवेश परियोजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से अनुमोदन प्रदान करने के लिए नई आनलाइन प्रोत्साहन-लाभ प्रबंधन प्रणाली को तेजी से विकसित करने का निर्देश दिया। निवेश के नए आशय पत्रों की मानीटरिंग और निवेशकों की शिकायतों के समयबद्ध निवारण को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उप्र को देश में ईज आफ डूइंग बिजनेस में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए। कारोबार में सुगमता के लिए अनुपयोगी कानूनों की समीक्षा कर उन्हें खत्म कराने पर भी जोर दिया। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमार भी मौजूद थे।

Scanned with CamScanner